**Regarding alleged violation of land rights of SC/ST Communities in Robertsganj Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh- Laid**

श्री छोटेलाल **(**राबर्ट्सगंज**) :** मेरे संसदीय क्षेत्र रॉबर्ट्सगंज सोनभद्र के कुलडोमरी, ओबरा, दूधी, म्योरपुर, बभनी, नगवा ब्लॉक के केवटम, घोरावल, चकिया, नौगढ़ इत्यादि जगहों पर SC/ST आदिवासियों का घर गिराया गया है तथा गिराया जा रहा है । SC/ST के लोगों को नियमानुसार पट्टा नहीं दिया जा रहा है । वन अधिकार कानून का उल्लंघन किया जा रहा है । न्याय नहीं मिल रहा है । उनके वन की जमीन पुश्तैनी बाहरी व्यक्तियों को पट्टा कर दिया गया है, उसे री-सर्वे करा कर उनकी जमीन वापस कर दी जाए तथा मौके पर जितना कब्जा है, 4 बीघा से 16 बीघा तक पट्टा देने का नियम है, नियमानुसार पट्टा कर देना चाहिए । गंभीर धारा को विवेचना कर अधिकारी निकाल देते हैं, इससे आदिवासी पीड़ित है । उनके साथ अन्याय हो रहा है ।